
# जीएसटी सुधार परिवर्तनकारी हैं : गोयल

## केंद्रीय मंत्री बोले - आम जनता के लिए 'दिवाली का तोहफ़ा', निवेश और रोजगार सृजन को मिलेगा बल



**नई दिल्ली, 4 सितंबर.केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीएसटी दरों में हाल ही में हुई कमी को परिवर्तनकारी और स्वतंत्रता के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया है. उन्होंने उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वे इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं, जिससे देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सके.**

गोयल ने %इंडिया मेडटेक एक्सपो 2025% कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी में किया गया यह सुधार आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाएगा. उन्होंने कहा, यह जीएसटी सुधार, जो पिछले 11 वर्षों में की गई अनेक पहलों के बाद आया है, किसानों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) और दवा क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा. उन्होंने इस कदम को 1.4 अरब नागरिकों के लिए एक दिवाली का तोहफा भी बताया.

मंत्री ने जीएसटी सुधारों को गेम-चेंजिंग बताते हुए कहा कि यह कदम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. गोयल ने कहा कि इन दरों में कटौती से मांग में वृद्धि होगी, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और विकास का एक सकारात्मक चक्र शुरू होगा.

> विपक्ष की आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए गोयल ने कांग्रेस पर नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब भारत 7.8% की वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, कुछ लोगों की नकारात्मक सोच निंदनीय है. उन्होंने कहा कि इसी नकारात्मकता के कारण विपक्ष आज अपनी मौजूदा स्थिति में है.

## रुपया 12 पैसे टूटकर 88.14 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, 04 सितंबर.** विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 12 पैसे टूटकर 88.14 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ.

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा और अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट को रोक दिया.

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.09 पर खुला. दिन में 87.85 से 88.19 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 88.14 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की गिरावट है.

# नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से वृद्धि

**साल के अंत तक 43 गीगावाट तक पहुँचने का अनुमान**

**वर्तमान में 226 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता उपलब्ध**




**नई दिल्ली, 4 सितंबर. केंद्रीय न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री प्रल्हाद जोशी के अनुसार, भारत ने साल 2025 में अब तक 30 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) क्षमता जोड़ी है, और इस साल के अंत तक यह 43 गीगावाट तक बढ़ने का अनुमान है. यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो देश के ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है.**

मंत्री ने एक कार्यक्रम में बोलते हुए बताया कि जनवरी से जून के बीच लगभग 22 गीगावाट सौर और पवन ऊर्जा स्थापित की गई थी, और अब यह आंकड़ा बढ़कर 30 गीगावाट हो गया है. उन्होंने कहा, हम इस कैलेंडर वर्ष के अंत तक 39 गीगावाट से 43 गीगावाट की नई क्षमता हासिल करने के प्रति आशावादी हैं.

### लक्ष्य और वर्तमान क्षमता

सरकार को उम्मीद है कि इस विकास दर के साथ, वह 2030 तक 500 गीगावाट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी. वर्तमान में, भारत में 226 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है.केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि 67.08 गीगावाट की परियोजनाओं के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं और कुल 186.3 गीगावाट की परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वित की जा रही हैं.

# स्पाइसजेट और गल्फ एयर के बीच समझौता




**गुरुग्राम, 04 सितंबर (वार्ता) भारत की प्रमुख किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने बहरीन की सरकारी एयरलाइंस गल्फ एयर के साथ एक महत्वपूर्ण इंटरलाइन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.**

इस समझौते से स्पाइसजेट के यात्रियों को बहरीन के रास्ते पश्चिम एशिया, अफ्रीका, यूरोप और मध्य एशिया तक निर्बाध पहुँच मिलेगी, जबकि गल्फ एयर के यात्री बिना किसी परेशानी के भारत आ-जा सकेंगे.

इस साझेदारी के तहत, यात्री एक ही टिकट बुक करके बिना किसी रुकावट के गंतव्य तक पहुँच सकेंगे. समझौते के तहत टिकटों की बिक्री अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है. गल्फ एयर वर्तमान में भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, गोवा, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम जैसे आठ शहरों के लिए सीधी उड़ानें संचालित करती है.

स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अजय सिंह ने इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, गल्फ एयर के साथ यह साझेदारी स्पाइसजेट के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

# डब्ल्यूसीएल की चार खदानों को 5 स्टार


## कोयला मंत्रालय ने सुरक्षा और प्रदर्शन पर दिया सम्मान




**मुंबई, 4 सितंबर. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) की चार खदानों को कोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए 5 स्टार रेटिंग अचीवर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.**

यह पुरस्कार कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के प्रदर्शन, सुरक्षा और श्रमिक कल्याण जैसे सात प्रमुख मानदंडों पर आधारित है.पुरस्कार पाने वाली खदानों में उमरेड क्षेत्र की गोकुल और मकार्धोकड़ा ओपन कास्ट खदान, पाथाखेड़ा क्षेत्र की छत्तरपुर-1 भूमिगत खदान और नागपुर क्षेत्र की सावनेर-1 भूमिगत खदान शामिल हैं. मुंबई के ट्राइडेंट होटल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया. यह पुरस्कार कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी, कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे, कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दिए गए.

डब्ल्यूसीएल की ओर से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जे.पी. द्विवेदी, निदेशक (तकनीकी) आनंदजी प्रसाद, महाप्रबंधक (सुरक्षा) दिनेश बिसेन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने यह पुरस्कार ग्रहण किए. इस उपलब्धि पर, सीएमडी जे.पी. द्विवेदी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए इसका श्रेय सामूहिक प्रयासों को दिया.



# भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 अरब डॉलर का बाज़ार

**10 अरब डॉलर की सरकारी प्रोत्साहन योजना दे रही रफ्तार**

**जापान सामग्री और फैब उपकरण निर्माण में वैश्विक अग्रणी**

**नई दिल्ली,04 सितम्बर. डेलॉइट इंडिया के अनुसार, जापानी कंपनियाँ भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिसका लक्ष्य 2030 तक 100 अरब डॉलर का बाज़ार बनना है.**

भारत का यह विकास सरकार की 10 अरब डॉलर की प्रोत्साहन योजना से गति पकड़ेगा. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारी आवश्यक है, और सेमीकंडक्टर सामग्री और उपकरणों के वैश्विक उत्पादन में जापान के नेतृत्व के कारण यह एक आदर्श भागीदार है.

भारत-जापान साझेदारी पहले ही जुलाई 2023 की भारत-जापान सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पार्टनरशिप और अगस्त 2025 में घोषित डिजिटल पार्टनरशिप 2.0 जैसी पहलों के माध्यम से आकार ले रही है. यह साझेदारी भारत को 2030 तक एक प्रमुख सेमीकंडक्टर निर्माता बनने की राह पर तेज़ी से आगे बढ़ा सकती है.

डेलॉइट ने पाँच क्षेत्रों की पहचान की है जहाँ जापानी कंपनियाँ भारत की मूल्य श्रृंखलाओं में योगदान दे सकती हैं- फैब उपकरण, सामग्री, पैकेजिंग (OSAT/ATMP), डिज़ाइन और प्रतिभा विकास.

> डेलॉइट को उम्मीद है कि भविष्य में जापानी निवेश उच्च-तकनीकी इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी और हरित प्रौद्योगिकियों की ओर केंद्रित होगा, जो भारत के 'मेक इन इंडिया' और 'नेट जीरो 2070' लक्ष्यों के अनुरूप है. ईवी और बैटरी सप्लाई चेन में 300-400 मिलियन डॉलर के निवेश की उम्मीद है.

# इंटरनेट ग्राहकों ने पार किया 1 अरब आंकड़ा

**जून 2025 तक 1,002.85 मिलियन यूज़र्स दर्ज**

**शहरी क्षेत्र में 57.94 करोड़, ग्रामीण में 42.33 करोड़ ग्राहक**




**नई दिल्ली, 4 सितंबर. ब्रॉडबैंड सेवाओं में तेज़ी से हुई वृद्धि के कारण भारत ने 30 जून, 2025 तक 1 अरब से अधिक इंटरनेट ग्राहकों का ऐतिहासिक आँकड़ा पार कर लिया है.**

सरकार द्वारा जारी किए गए आँकड़ों के अनुसार, यह संख्या 1,002.85 मिलियन तक पहुँच गई है, जो मार्च तिमाही की तुलना में 3.48 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है.

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इन 100 करोड़ से अधिक ग्राहकों में से 4.47 करोड़ के पास वायर्ड इंटरनेट कनेक्शन थे, जबकि 95.81 करोड़ ग्राहकों ने वायरलेस कनेक्शन का उपयोग किया.

रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्षों में ब्रॉडबैंड और नैरोबैंड ग्राहकों का विभाजन भी शामिल है. ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.77 प्रतिशत बढ़कर 979.71 मिलियन हो गई, जबकि नैरोबैंड उपयोगकर्ताओं की संख्या घटकर 23.14 मिलियन रह गई. जून तिमाही में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 1,218.36 मिलियन तक पहुंच गई, जिससे कुल दूरसंचार घनत्व बढ़कर 86.09 प्रतिशत हो गया.जनसांख्यिकी के संदर्भ में, शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या लगभग 57.94 करोड़ है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या 42.33 करोड़ है.

## सेल ने कर्मचारियों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग से समझौता किया

**नयी दिल्ली, 04 सितंबर (वार्ता)** भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने अपने कर्मचारियों के बीच समग्र आरोग्य को बढ़ावा देने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है.सेल के प्रबंध प्रशिक्षण संस्थान के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर और आर्ट ऑफ लिविंग के व्यक्ति विकास केंद्र भारत के अध्यक्ष प्रज्ञाचैतन्य ने बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में बुधवार को हस्ताक्षर किये.

## मझौली-छोटी कंपनियों में बिकवाली

### मिडकैप-50 और स्मॉलकैप-100 में गिरावट

**मुंबई, 04 सितंबर (वार्ता) घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक गुरुवार को एक प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ खुलने के बाद अंत में मामूली तेजी में बंद हुये जबकि मझौली और छोटी कंपनियों में बाद में बिकवाली हावी हो गयी.**

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.30 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त में 80,718.01 अंक पर बंद हुआ. महिंद्रा एंड महिंद्रा में करीब छह प्रतिशत की तेजी रही. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 19.25 अंक (0.08 प्रतिशत) बढ़कर 24,734.30 अंक पर पहुंच गया.

वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने बुधवार को कर स्लैबों में बदलाव और करों की दरों को युक्तिसंगत बनाने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी. आम लोगों के उपभोग की ज्यादातर चीजों पर करें कम की गयी हैं. इससे बाजार खुलते ही निवेशकों में उत्साह देखा गया.

सेंसेक्स 888.96 अंक की तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा.

**समाचार विशेष**

# चुनाव से पहले एक्टिव हुए शरद पवार

## विशाल महामोर्चा से आएगा सियासी उबाल!



**मंबई. स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के आगामी चुनावों की तैयारी के मद्देनजर शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में शरद पवार 14 और 15 सितंबर को 2 दिवसीय नाशिक दौरे पर रहेंगे. इस दौरान पार्टी का विशेष कार्यकर्ता शिविर आयोजित होगा, साथ ही किसानों के विभिन्न मुद्दों पर एक भव्य किसान मार्च भी निकाला जाएगा.**

14 सितंबर को नाशिक शहर में पार्टी का एक विशेष कार्यकर्ता शिविर आयोजित होगा. इस शिविर में पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने पर जोर दिया जाएगा. शिविर में शरद पवार के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे. इस शिविर के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का प्रयास कर रही है. 15 सितंबर को नासिक शहर में किसानों के मुद्दों को लेकर एक विशाल महामोर्चा निकाला जाएगा. यह मोर्चा कर्जमाफी, न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्याज की कीमतों, फसल बीमा, गन्ना किसानों की समस्याओं, बेमौसम बारिश, और सूखे जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगा. इस मार्च के जरिए किसानों की आवाज को सीधे सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है. इस महामोर्चा में शरद पवार के अलावा, राज्य और देश के विभिन्न नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे.

**आंदोलन को जिला, तालुका और शहर स्तर पर ले जाने की योजना-** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने कुछ दिन पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह आंदोलन नासिक से शुरू हो रहा है, लेकिन इसे आगे जिला, तालुका और शहर स्तर तक ले जाया जाएगा. उन्होंने बताया कि हाल ही में शरद पवार की उपस्थिति में हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आम जनता के मुद्दों के लिए सड़कों पर उतरने की नीति भी तय की गई है. शिंदे ने आगे कहा कि किसानों को उनके उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है. सरकार द्वारा घोषित दर से कम कीमत पर प्याज, अरहर और मूंग की खरीद हो रही है.

> **आगे रहने की तैयारी में**
> शरद पवार के इस दो दिवसीय दौरे से नासिक जिले का राजनीतिक माहौल गर्म होने की उम्मीद है. स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) आगे रहने की तैयारी में है, और इस दौरे के मद्देनजर नासिक में तैयारियां तेज हो गई हैं.

# चुनाव को लेकर विरासत की राजनीति गरमाई

## कई पूर्व मंत्रियों और विधायकों के बच्चे किस्मत आजमा रहे

**जमुई. जिले की राजनीति में विधानसभा चुनाव को लेकर विरासत की सियासत तेजी से हावी हो रही है. इसको लेकर पूर्व में ही कई माननीयों के पुत्रों, पुत्री और पत्नी की एंट्री हो चुकी है. कुछ तो अपने पुत्र और पुत्री को फिलहाल वर्तमान चुनावी राजनीति में सेट करने की जुगत में हैं, ताकि लंबे समय तक जिले की राजनीति में उनका दबदबा कायम रहे.**




विरासत की सियासत को आगे बढ़ते हुए जमुई विधानसभा क्षेत्र से बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह के मंझले पुत्र अभय सिंह 2005 में जीत हासिल कर चुके हैं. वहीं, उनके बड़े सुपुत्र अजय प्रताप भी 2010 में जीत हासिल कर चुके हैं. हालांकि, 2015 और 2020 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव के छोटे भाई विजय प्रकाश भी में वर्ष 2000 से लगातार अपना भाग्य आजमा रहे हैं. हालांकि, 2015 के विधानसभा चुनाव में उन्हें विधायक बनने का अवसर मिला.

### विरासत की सियासत

- पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की पुत्री गोल्डन गर्ल श्रेयसी सिंह जमुई से हैं विधायक
- बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह के मंझले पुत्र अभय सिंह 2005 में और बड़े पुत्र अजय प्रताप 2010 में जमुई से रह चुके हैं विधायक
- पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव के छोटे भाई विजय प्रकाश 2015 में रह चुके हैं विधायक

# गडकरी के बयान से सियासी भूचाल

## आखिर किस से नाराज हैं मोदी के मंत्री



**मुंबई. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में जाति और धर्म आधारित राजनीति पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में किसी की पहचान उसके काम और चरित्र से होनी चाहिए, न कि उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग से. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों और कर्मों से होती है.**

नितिन गडकरी ने सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में ये बयान दिए हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही उन्हें इससे वोट न मिलें, लेकिन वे जातिगत राजनीति का हिस्सा कभी नहीं बनेंगे. नितिन गडकरी ने बताया कि अक्सर लोग उनसे जाति का हवाला देकर समर्थन मांगते हैं, लेकिन वे अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हैं. गडकरी ने दोहराया, मैं राजनीति में हूँ और यहां ये सब चलता रहता है, लेकिन मैं इससे इनकार करता हूं, भले ही इससे मुझे वोट मिलें या न मिलें.

**नितिन गडकरी ने किया बड़ा ऐलान-** नितिन गडकरी ने- जो करेगा जात की बात, उसे कस के मारूंगा लात नितिन गडकरी ने एक प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा -मैंने 50,000 लोगों से कहा -जो करेगा जात की बात, उसे कस के मारूंगा लात. मेरे दोस्तों ने कहा कि ऐसा कहकर मैंने खुद का नुकसान कर लिया. लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं. चुनाव हार जाने से जिंदगी खत्म नहीं होती. मैं अपने सिद्धांतों पर अटल रहूंगा. नागपुर में महानुभाव पंथ के सम्मेलन में गडकरी ने नेताओं से धार्मिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की.

**विशेष** अशोक चौधरी ने की गोलबंदी, बिहार की सियासत गरमाई

# अनंत सिंह को मिल गया नीतीश का आशीर्वाद

**पटना. बिहार में चुनावी चहल-पहल के बीच सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार की सुबह अचानक अशोक चौधरी के घर जा पहुंचे. वहां मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह पहले से ही मौजूद थे. इन तीनों नेताओं की मुलाकात के बाद से सूबे के सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है.**



पिछले शनिवार को अनंत सिंह और ललन सिंह ने पटना से मोकामा बाढ़ तक रोड शो किया था. अनंत सिंह ने विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह के साथ एक ही गाड़ी में पटना से निकले और मोकामा जाकर रोड शो और शक्ति प्रदर्शन किया.

**नीतीश-अनंत की हुई मुलाकात-** अब रविवार सुबह जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर पहुंचे, तो पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह वहां उनका इंतज़ार कर रहे थे. दोनों की मुलाक़ात हुई, अनंत सिंह ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया. नीतीश कुमार ने भी हाथ जोड़कर उनका धन्यवाद किया.

इस पूरे घटनाक्रम का की तस्वीरें भी सामने आई हैं. यह तस्वीरें इस बात की पुष्टि करती हैं कि जनता दल यू के बड़े नेता अनंत सिंह के टिकट को लेकर नीतीश कुमार के सामने लामबंद हो रहे हैं. जिसका असर भी अब दिखने लगा है.

> **जदयू से चुनाव लड़ेंगे अनंत सिंह!**
> अनंत सिंह और ललन सिंह के रोड शो के बाद यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी में मतभेदों के बावजूद अनंत सिंह का मोकामा से जेडीयू के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले हैं. रही-सही कसर ललन सिंह के बाद अब रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुलाकात से पूरी हो गई. साफ शब्दों में कहें तो अनंत सिंह को नीतीश कुमार का आशीर्वाद मिल गया है.